भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 3403**
दिनांक 08.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**बांग्लादेश में लालमोनिरहाट एयरबेस का पुनः परिचालन**

3403. **श्री कौशलेन्द्र कुमारः**
क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या बांग्लादेश ने चीन को अपने लालमोनिरहाट एयरबेस पर परिचालन पुनः आरंभ करने के लिए अधिकृत किया है और यदि हां, तो क्या हमारे देश के लिए सुरक्षा संबंधी कोई चिंता उत्पन्न होने की संभावना है, क्योंकि भारत की सीमा बांग्लादेश से लगती है; और
(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में बांग्लादेश के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**[श्री कीर्तवर्धन सिंह]**

(क) और (ख) भारत सरकार ने बांग्लादेश में लालमोनिरहाट हवाईहड्डे के संबंधित रिपोर्टों पर ध्यान दिया है। सरकार ने 26 मई 2025 को बांग्लादेश सेना के सैन्य संचालन निदेशक द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता को भी नोट किया है, जिसमें कहा गया है कि लालमोनिरहाट एयरफील्ड को सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाली सभी घटनाओं पर लगातार नज़र रखती है और इसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है।

*****